# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 7 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 7 2020

समय: 3 घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न को हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक (1x5x5= 25) अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 30 से 75 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 75 से 120 शब्द हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है , जिनमें दो भाग हैं , प्रथम प्रश्न 7 अंक का एवं द्वितीय प्रश्न के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 200 से 250 शब्द हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(1) जायसी किस काव्यधारा के कवि है-

(a) रामभक्ति मार्गी (b) कृष्णभक्ति मार्गी (c) ज्ञान मार्गी (d) प्रेममार्गी।

(2) गेहूँ और गुलाब' निबंध में गेहूँ' प्रतीक है-

(a) अमीर का (b) गरीब का (c) श्रमिक का (d) विलासी का।

(3) भगिनी निवेदिता पर लिखा गया 'संस्मरण' के लेखक है-

(a) अजहर हाशमी (b) कुम्हार (c) डॉ. श्यामसुन्दर दुबे (d) प्रवाजिका आत्मप्राण।

(4) देशभक्ति में समास है-

(a) तत्पपुरूष समास (b) कर्मधारय समास (c) द्वन्द्व समास (d) द्विगु समास।

(5) अद्भुत रस का स्थायी भाव है-

(a) रति (b) निर्वेद (c) विस्मय (d) शोक।

उत्तर- (1) (d), (2) (c), (3) (d), (4)(d), (5) (c).

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए-

(1) परंपरा बनाम आधुनिकता ................ निबंध है। (विचारात्मक/भावात्मक)

(2) साक्षात्कार गद्य की ................... विधा है। (गौण/प्रमुख)

(3) युधिष्ठिर की माँ का नाम ................. है। (द्रौपती/कुन्ती)

(4) अद्भुत रस का स्थायी भाव ..................... है। (शोक/विस्मय)

(5) कामायनी एक ................... है। (महाकाव्य/खण्डकाव्य)

उत्तर-(1) विचारात्मक, (2) गौण, (3) कुन्ती, (4) विस्मय, (5) महाकाव्य।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए-

(1) 'पुरुषों में उत्तम' पुरुषोत्तम कहलाता है।

(2) श्रीकृष्ण को सोलह कलाओं का अवतार कहा जाता है।

(3) सुश्रुत जितने बड़े शल्य चिकित्सक थे उतने ही बड़े गरु थे।

(4) प्रबंध काव्य में पूर्वापर संबंध नहीं होता है।

(5) 'हरिगीतिका' छंद में 30 मात्राएँ होती हैं।

उत्तर-(1) सत्य, (2) सत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) असत्य।

प्रश्न 4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए-

(1) चलने के पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

(2) थके हुए कलाकर से' के कृतिकार का नाम लिखिए।

(3) गुण कब लाख रुपये में बिकता है ?

(4) एकांकी में कितने अंक होने चाहिए ?

(5) कमलनैन में कौन-सा अलंकार है ?

उत्तर-(1) बाट की पहचान कर लेना चाहिए, (2) धर्मवीर भारती, (3) जब गणों को समझने वाला मिलता है तब, (4) एक अंक, (5) उपमा अलंकार।

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए-

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| (1) परंपरा बनाम आधुनिकता | (a) सेठ गोविंददास |
| (2) सच्चा धर्म | (b) महाकाव्य |
| (3) पृथ्वीराज रासो | (c) विचारात्मक निबंध |

(4) संधि को तोड़ना (d) कर्मधारय समास

(5) नीलकमल (e) विच्छेद।

उत्तर-(1) (c), (2) (a), (3) (b), (4) (d), (5) (e).

प्रश्न 6. गोपाल के गले में पड़ी गुंजो की माला की तुलना किससे की गई है? -

अथवा

गिरिधर के अनुसार हमें क्या भूल जाना चाहिए ?

प्रश्न 7. तितलियों के रंग से कवि का क्या तात्पर्य है ?

अथवा

'लोक कल्याण कामना' से कवि का क्या आशय है ?

प्रश्न 8. सूरदास ने स्वयं को 'कुटिल खल कामी' क्यों कहा है ?

अथवा

कवि ने जीवन पथ में क्या-क्या अनिश्चित माना है ?

प्रश्न 9. सखी प्रातः काल किसके द्वार पर जाती है ?

अथवा

श्रीकृष्ण के ललाट पर टीका की समानता किससे की गई है ?

प्रश्न 10. निर्गुण और सगुण भक्ति में क्या अंतर है?

अथवा

बसंत ऋतु के आगमन पर प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन होते हैं ?

प्रश्न 11. असत्य किन परिस्थितियों में सत्य से बड़ा हो जाता है ?

अथवा

बूंदी के राव मेवाड़ के अधीन क्यों नहीं रहना चाहते थे ?

प्रश्न 12. मनुष्य पशु से किस प्रकार भिन्न है ?

अथवा

तेजस्वी पुरुष लाला लाजपत राय की दो विशेषताएँ कौन सी थीं ?

प्रश्न 13. भारतीय राष्ट्रीय जीवन पर किन दो समकालीन व्यक्तियों के उदात्त मस्तिष्क की गहरी छाप है ?

अथवा

दो शताब्दी पूर्व किस प्रकार के नाटकों की रचना अनुचित जान पड़ती थी ?

प्रश्न 14. अधबनी धरा पर अभी क्या-क्या बनना शेष है ?

अथवा

माता की कुक्षि कब धन्यता प्राप्त करती है ?

प्रश्न 15. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए-

(1) अशोक रामनगर में रहता है। (विस्मयादि वाचक)

(2) तुम्हें माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। (आज्ञार्थक वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शद्ध करके लिखिए-

(1) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ। (2) वह एक मोती की माला पहनती है।

प्रश्न 16. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई दो अंतर बताइए।

अथवा

काव्य की परिभाषा देते हुए काव्य के भेद बताइए।

प्रश्न 17. ज्ञान और दीपक के आपसी संबंध को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

"अमरनाथ एक सच्चा मित्र है।" क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(1) गड़े मुर्दे उखाड़ना, (2) लोहा लेना, (3) छक्के छुड़ाना।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-

(1) नीति का बोध कराने वाला, (2) ठेका लेने वाला, (3) जो जीता न जा सके।

प्रश्न 19. हास्य रस की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

अथवा

श्रृंगार रस की परिभाषा लिखिए और एक उदाहरण दीजिए।

प्रश्न 20. प्रगतिवाद किसे कहते हैं ? प्रगतिवाद के किन्हीं चार प्रसद्धि कवियों के नाम एवं रचनाएँ लिखिए तथा विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगार काल क्यों कहा जाता है ? रीतिकाल के दो कवियों के नाम एवं रचना का नाम लिखिए।

प्रश्न 21. किन्ही में उपन्यास सम्राट किसे कहा गया है ? उनके किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

अथवा

नाटक में संवाद का क्या महत्व है ?

प्रश्न 22. तुलसीदास अथवा महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए-

(1) दो रचनाएँ, (2) भाव पक्ष एवं कला पक्ष, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी का साहित्यक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

(1) दो रचनाएँ, (2) भाषा-शैली, (3) साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

भर रही कोकिला इधर तान,

मारू बाजे पर उधर गान

है रंग और रण का विधान,

मिलने आए हैं आदि अंत,

वीरों का कैसा हो वसंत।

अथवा

मानव जिस ओर गया

नगर बसे, तीर्थ बने

तुमसे है कौन बड़ा

गगन सिंधु मित्र बने

भूमा का भोगो सुख,

नदियों का सोम पियो

त्यागो सब जीर्ण बसन,

नूतन के संग-संग चलते चलो।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग सहित लिखिए-

आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध करती है , क्योंकि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है , सम्प्रदाय स्थिति संरक्षक। परंतु परंपरा से आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनो ही गतिशील प्रक्रियाएँ हैं। दोनों में अंतर केवल यह है कि परंपरा यात्रा के बीच पड़ा हुआ अंतिम चरण है जबकि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

अथवा

महत्व किसी कार्य की विशालता में नहीं है, उस कार्य की भावना में है, बड़े से बड़ा कार्य हीन है यदि उसके पीछे अच्छी भावना नहीं है और छोटे से छोटा कार्य भी महान है, यदि उसके पीछे अच्छी भावना है।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

"कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिनी नहीं जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम स्वतंत्र हैं, हमें बायीं तरफ से चलना चाहिए। किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी हम छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए, जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न-(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न 27. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने पिताजी को परीक्षा की तैयारी के विषय में पत्र लिखिए।

प्रश्न 28. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए-

(1) नारी शिक्षा का महत्व, (2) विद्यार्थी जीवन, (3) जल ही जीवन है,

(4) जनसंख्या वृद्धि, (5) वन संरक्षण।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए-

(1) दहेज प्रथा, (2) वृक्षारोपण, (3) राष्ट्रीयता, (4) पुस्तकालय, (5) समग्र स्वच्छता अभियान।